# 6 राजस्थान में मिट्टियाँ, अपरदन व मरूस्थलीकरण

1. सर्वाधिक उपजाऊ मिट्टी कौनसी है?
(1) जलोढ़ (2) काली
(3) लाल लोमी (4) भूरी (1)

व्याख्या– यह राजस्थान के पूर्वी मैदानी भागों में पायी जाती है। इसमें चूने, फॉस्फोरस व ह्यूमस की कमी व नाइट्रोजन की अधिकता होती है, इसलिए यह मिट्टी सर्वाधिक उपजाऊ होती है।

2. जल द्वारा मिट्टी का सर्वाधिक अपरदन राज्य में किस नदी द्वारा होता है?
(1) चम्बल (2) बनास
(3) माही (4) लूणी (1)

व्याख्या– राजस्थान में सर्वाधिक अवनालिका अपरदन (लम्बवत अपरदन) वाली नदी चम्बल है। इसके अलावा गम्भीर नदी व घग्घर नदी भी अवनालिका अपरदन करती हैं।

3. राज्य की मिट्टियों में प्रायः किसकी कमी पायी जाती है?
(1) नाइट्रोजन व फास्फोरस (2) लवणता की
(3) गंधक की (4) चूने की (1)

4. निम्न में से कौनसा मृदा अपरदन को रोकने का उपाय नहीं है?
(1) पशुओं की चराई पर नियंत्रण (2) खेतों में मेड़बन्दी बनाना
(3) वनों व चारागाहों में वृद्धि (4) झूमिंग कृषि को अपनाना (4)

व्याख्या– झूमिंग कृषि में आदिवासियों द्वारा पहाड़ी व मैदानी भागों के जंगलों को काटकर या जलाकर उसे कृषि योग्य बना कर खेती की जाती है। इस प्रकार तैयार की गई वनस्पति रहित ऐसी नग्न भूमि पर तेजी से अपरदन होता है, इस प्रकार झूमिंग कृषि अपरदन रोकने का उपाय नहीं है बल्कि इससे अपरदन बढ़ता है।

5. राजस्थान में प्रथम मिट्टी प्रयोगशाला कहाँ स्थापित की गई?
(1) जयपुर (2) जोधपुर (3) कोटा (4) उदयपुर (2)

6. गंगानगर, अनूपगढ़, बीकानेर, बाड़मेर व सांचौर जिलों में किस मिट्टी का फैलाव है?
(1) लवणीय मिट्टी (2) पर्वतीय मिट्टी
(3) भूरी मिट्टी (4) जलोढ़ मिट्टी (1)

7. मुख्य रूप से पर्वतीय मिट्टी किस क्षेत्र में पायी जाती है?
(1) गंगानगर, बीकानेर, बाड़मेर में
(2) उदयपुर, सिरोही, पाली, अजमेर, खैरथल–तिजारा
(3) टोंक, दूदू, दौसा, भरतपुर
(4) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, सलूम्बर, उदयपुर (2)

8. किस मिट्टी में सर्वाधिक लौह–ऑक्साइड की मात्रा होती है?
(1) भूरी (2) काली
(3) पर्वतीय (4) लाल (4)

व्याख्या– लाल मिट्टी का निर्माण स्फट्कीय एवं कायान्तरित चट्टानों से हुआ है, इस मिट्टी में नाइट्रोजन, कैल्शियम व फास्फोरस की कमी होती है, लौह तत्त्वों की अधिकता होने के कारण इस मिट्टी का रंग लाल होता है।

9. राजस्थान में सेम समस्या से गम्भीरतम प्रभावित जिले कौन से हैं?
(1) सीकर–झुंझुनूं (2) कोटा– बूँदी
(3) हनुमानगढ़–गंगानगर (4) पाली–सांचौर (3)

व्याख्या– राजस्थान में सेम की सर्वाधिक समस्या इंदिरा गाँधी नहर क्षेत्र व गंगनहर सिंचित क्षेत्र में है।

10. राजस्थान में बंजर भूमि का क्षेत्र किस जिले में सबसे अधिक पाया जाता है? वह है–
(1) जैसलमेर (2) राजसमंद (3) गंगानगर (4) चुरू (1)

11. रेगिस्तान के प्रसार के लिए जैसलमेर का कौनसा गाँव प्रसिद्ध है?
(1) सम (2) नाचना (3) आकल (4) नोख (2)

12. राजस्थान में प्राचीन मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएँ कहाँ स्थित है?
(1) जोधपुर, जयपुर (2) कोटा, जयपुर
(3) जोधपुर, उदयपुर (4) कोटा, भरतपुर (1)

13. विश्व मरूस्थलीकरण रोकथाम दिवस कब मनाया जाता है?
(1) 8 अप्रैल (2) 17 जून
(3) 24 अगस्त (4) 10 अक्टूबर (2)

व्याख्या– 17 जून को विश्व मरूस्थलीय रोकथाम दिवस (World Day to Combat Dessertification) मनाया जाता है। यह दिवस 17 जून 1995 को पहली बार मनाया गया था।

14. राजस्थान में न्यूनतम वायु अपरदन वाला जिला है?
(1) जयपुर (2) हनुमानगढ़ (3) सीकर (4) धौलपुर (4)

15. अवनालिका अपरदन से सर्वाधिक प्रभावित जिला कौनसा है?
(1) सवाई माधोपुर (2) झालावाड़
(3) बारां (4) कोटा (4)

16. मूँगफली की फसल के लिए उपयोगी मिट्टी है?
(1) पीली मिट्टी (2) काली मिट्टी
(3) लवणीय मिट्टी (4) जलोढ़ मिट्टी (1)

17. राजस्थान के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग कितना भाग मिट्टी अपरदन की समस्या से ग्रसित है?
(1) दो–तिहाई (2) एक–तिहाई
(3) एक–चौथाई (4) इनमें से कोई नहीं (2)

18. राजस्थान के कौनसे क्षेत्र में एन्टीसोल समूह की मृदाएँ/मिट्टियाँ पायी जाती हैं?
(1) पश्चिमी भाग (2) पूर्वी भाग
(3) दक्षिणी भाग (4) दक्षिणी पूर्वी भाग (1)

व्याख्या– एन्टीसोल मृदा राजस्थान के सर्वाधिक क्षेत्र में विस्तृत है। राजस्थान के पश्चिमी भाग के लगभग सभी जिलों में पायी जाती है।

19. डूँगरपुर बाँसवाड़ा के अधिकांश भाग में है–
(1) काली मिट्टी (2) लाल दोमट (लोम) मृदा
(3) भूरी मिट्टी (4) पर्वतीय मिट्टी (2)

20. राजस्थान में मरुस्थलीकरण का मानवजनित कारण नहीं है–
(1) प्रौद्योगिकी विकास    (2) भूमि उपयोग में परिवर्तन
(3) अतिचारण    (4) जनसंख्या–दबाव    (1)

**व्याख्या–** प्रौद्योगिकी विकास से मरूस्थलीकरण नहीं बढ़ता है। शेष कारण तीनों कारण भूमि उपयोग में परिवर्तन, अत्यन्त पशुचारण व जनसंख्या दबाव के कारण मरूस्थलीकरण को बढ़ावा मिलता है।

21. खेतों मे फसलों के बीच उगी खरपतवार को हटाने का कार्य कहलाता है–
(1) निनाण    (2) सूड़
(3) गिरदावरी    (4) मेड़बंदी    (1)

22. लाल लोमी मिट्टी किस जिले में पायी जाती है–
(1) बालोतरा    (2) बारां
(3) सांचौर    (4) डूँगरपुर    (4)

23. एरिडीसोल्स मिट्टी राजस्थान के किस जलवायु प्रदेश में सर्वाधिक विस्तृत है?
(1) उप–आर्द्र    (2) आर्द्र
(3) अति–आर्द्र    (4) शुष्क व अर्द्ध–शुष्क    (4)

24. मरूस्थलीकरण रोकथाम दिवस 2024 की थीम है–
(1) भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य।
(2) उसकी भूमि, उसके अधिकार
(3) राष्ट्र पहले हमेशा पहले
(4) पर्यटन और हरित निवेश    (1)

**व्याख्या–** मरूस्थलीकरण रोकथाम दिवस 2024 की थीम– 'भूमि के लिए एकजुट। हमारी विरासत। हमारा भविष्य।' रखी गई है।

25. मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कब प्रारम्भ की गई थी?
(1) 19 फरवरी, 2019    (2) 19 फरवरी, 2017
(3) 19 फरवरी, 2013    (4) 19 फरवरी, 2015    (4)

**व्याख्या–** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 19 फरवरी, 2015 को इस योजना की शुरूआत सूरतगढ़ (गंगानगर) से की थी। इस योजना में केन्द्र व राज्य की वित्तीय भागीदारी 75:25 प्रतिशत है।

26. निम्न में से कौनसा मृदा का प्राथमिक पौषक तत्त्व नहीं है?
(1) बोरोन    (2) जैविक कार्बन
(3) फास्फोरस    (4) पोटाश    (1)

**व्याख्या–** बोरोन मृदा का द्वितीयक पौषक तत्त्व है।

27. बड़ोपल, भगवानदास, देईदास व कनवानी हैं–
(1) जागीरदारी प्रथा उन्मूलन आन्दोलन वाले गाँव
(2) मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के प्रारम्भ वाले गाँव
(3) सेम प्रभावित गाँव
(4) जैविक कृषि प्रारम्भ करने वाले गाँव    (3)

28. पश्चिमी राजस्थान में सबसे अधिक व विस्तृत क्षेत्र में पाई जाने वाली मिट्टी है–
(1) रेतीली मिट्टी    (2) मध्यम काली मिट्टी
(3) लाल मिट्टी    (4) लाल काली मिट्टी    (1)

29. राजस्थान में सर्वाधिक मात्रा में किस प्रकार की मिट्टी पाई जाती है?
(1) काली मिट्टी    (2) वर्टीसोल
(3) रेतीली बलुई मिट्टी    (4) लाल काली मिट्टी    (3)

30. राजस्थान में भूरी मिट्टी का प्रसार क्षेत्र है–
(1) विन्ध्यन पठार पर दोनों तरफ के भाग
(2) मालवा के पठार पर दोनों तरफ के भाग
(3) अरावली के दोनों तरफ के भाग
(4) दक्षिणी पूर्वी भाग दोनों तरफ के भाग    (3)

31. मरूस्थलीकरण के विस्तार से संरक्षण की कौनसी तकनीक सबसे उपयुक्त है?
(1) बार बार सिंचाई करना
(2) वनोन्मूलन को बढ़ावा देना
(3) बीड़ भूमि को कम करना
(4) वातरोधी वृक्षारोपण पट्टी बनाना    (4)

32. केन्द्रीय भू–संरक्षण बोर्ड का कार्यालय स्थित है–
(1) बालोतरा व दूदू    (2) जयपुर व सीकर
(3) केकड़ी व ब्यावर    (4) जयपुर व जोधपुर    (2)

33. हनुमानगढ़ जिले में सेम की समस्या से निपटने के लिए इंडो डच जल निकासी परियोजना संचालित है, इसमें कौनसा देश सहयोगी है–
(1) पेरिस    (2) ऑस्ट्रेलिया
(3) नीदरलैंड    (4) कनाडा    (3)


**व्याख्या–** नीदरलैंड के सहयोग से हनुमानगढ़ जिले में सेम समस्या के समाधान के लिए इस परियोजना का प्रारम्भ 2003 में किया गया।


34. निम्न में से किस मृदा में स्वयं जुताई का गुण पाया जाता है?
(1) जलोढ मिट्टी    (2) काली मिट्टी
(3) पर्वतीय मिट्टी    (4) भूरी रेतीली मिट्टी    (2)

35. राजस्थान के किस जिले में जिप्सीफेरस मृदा मिलती है?
(1) गंगानगर    (2) जैसलमेर
(3) बीकानेर    (4) बाड़मेर    (3)

Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# राजस्थान की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें –







टेलीग्राम से जुड़ने के लिए

@DHINDHWAL2023GK

– Dhindhwal Publication

– धींधवाल पब्लिकेशन

– Dhindhwal Classes

– @Publication-DP

– Dhindhwal Publication

धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध है। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।